मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या 518/2022 विवेक वर्मा बनाम उत्तराखण्ड़ राज्य में पारित आदेश दिनांक 01.09.2022 के अनुपालन में गठित समिति की संयुक्त निरीक्षण आख्या एवं कार्यवाही रिपोर्ट।

पृष्ठभूमि :–

भारत के उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय जिले नैनीताल में स्थित नैनीताल नगर महत्वपूर्ण पर्वतीय पर्यटक स्थल है तथा यह जिले का मुख्यालय भी है। नैनीताल झील के चारो तरफ पहाड़ियों के मध्य नैनीताल झील स्थित है जो निकटवर्ती वन एवं पर्वतीय क्षेत्र से आने वाले जल से वर्ष भर जल से भरी रहती है। नैनीताल नगर एवं आसपास के पर्वतीय क्षेत्रों में देवदार, खर्सु, मोरू, बांज ओक, काफल, सुरई तथा अन्य वृक्ष एवं हिसालू, किल्मोड़ा, मेहल आदि झाडियाँ पाई जाती हैं तथा उक्त EVERGREEN वृक्ष एवं झाड़ियों के कारण सम्पूर्ण नगर हरियाली से युक्त रहता है तथा अत्यन्त आकर्षक लगता है। नैनीताल नगर सामान्यतः लगभग 6000 फीट की ऊँचाई पर है तथा शीतकाल में यहां बर्फ बारी भी होती है। जिले का मुख्यालय तथा उत्तराखण्ड को प्रमुख पर्यटक स्थल होने के कारण यहां पर होटल रिजॉर्ट एवं निजी आवास आदि के निर्माण के लिए स्थानीय एवं बाहरी व्यक्ति/उद्यमी भूमि कय करके निर्माण का प्रयास करते हैं। नगरीय आबादी होने के कारण स्थानीय रेस्टरा होटल/ग्रामीण/नागरिक आदि भी अपनी लघु ईधन सम्बंधी आवश्यकता की पूर्ति भी वन क्षेत्र से करने का प्रयास करते हैं।



मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा नैनीताल निवासी श्री विवेक वर्मा के शिकायती पत्र दिनांक 29.04.2022 का संज्ञान लेते हुये नैनीताल शहर/नगर पालिका क्षेत्रों में स्थित कमशः निकट अरोमा होटल, धामपुर बैंड, टिफिनटॉप, लैण्डसएण्ड एवं किलबरी रोड आदि स्थानों पर वृक्षों के अवैध पातन के संबंध में दिनांक 01.09.2022 को आदेश दिये गये जिसका प्रभावी अंश निम्नवत है :–

Prima Facie, the allegations made inthe application raise questions relating to environment arising out of the implementation of the enactments speified in Schedule I to the National Green Tribunal Act, 2010. In view of the allegations made in the application, we consider it appropriate that a Joint Committee be constitued to verify the factual position and take remedical action. According we constiute a Joint Committee comparising of representatives of Pricipal Chief Conservator of Forests (HOFF), Government of Uttarakhand, State PCB and Divisional Commissioner, Kumaon Division and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant, verify the factual positon and take appropriate remedial action after following due process of law and submit its Factual and Action T aken Report within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR supported PDF and not in the form of image PDF. The State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance.

List for further consideration on 24.11.2022

मा0 एन0जी0टी द्वारा पारित आदेशों की प्रति संलग्न है। **(संलग्नक–1)**

उक्त आदेशों के कम में सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पत्र यूकेपीसीबी/एच.ओ./सा0–183–615/2022/955 दिनांक 12.09.2022 द्वारा डॉ0 डी0के0जोशी, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हल्द्वानी, प्रमुख वन संरक्षक(HoFF), उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र पी0ओ0/88 दिनांक 14.09.2022 द्वारा वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, नैनीताल तथा आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल के पत्र 3370 छब्बीस–3/2021–22 दिनांक 16.09.2022 द्वारा श्री जीवन सिंह नग्नयाल, अपर आयुक्त, कुमाऊँ मण्डल को उक्त गठित समिति में अपना प्रतिनिधि नामित किया गया।

उक्त पारित आदेश के अनुपालन में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हल्द्वानी के पत्र UKPCB/ROH/रिट/22/1582–590 दिनांक 16.09.2022 द्वारा नामित प्रतिनिधियों की प्रारम्भिक बैठक आयुक्त कार्यालय, नैनीताल में दिनांक 22.09.2022 को की गई जिसमें अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, तहसीलदार, नैनीताल, वन क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका रेंज, नैनीताल वन प्रभाग एवं अन्य उपस्थित रहे। बैठक दौरान प्रत्येक विषय पर चर्चा की गई तथा मूल आवेदनकर्ता श्री विवेक वर्मा को पत्रांक यू0के0पी0सी0वी0/आर0ओ0एच/रिट/22/1628–605 दिनांक 22.09.2022 द्वारा पूर्व सूचना दी गई तथा समिति द्वारा दिनांक 23.09.2022 को आवेदन पत्र में अंकित स्थलों तथा जिन अन्य स्थलों के बारे में शिकायतकर्ता के द्वारा अवगत कराया गया सभी का संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण में नामित प्रतिनिधियों सहित निम्न अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे :–

1. श्री मान सिंह, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत, नैनीताल।
2. श्री जीवन सिंह नगन्याल, अपर आयुक्त कुमाऊँ।
3. डा0 डी0के0 जोशी, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड़ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हल्द्वानी।
4. श्री विवेक वर्मा, शिकायतकर्ता, नैनीताल।
5. श्री अशोक वर्मा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल।
6. श्री नवाजिक खलिक, तहसीलदार, नैनीताल।
7. श्री प्रमोद तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका रेंज, नैनीताल वन प्रभाग।

प्रत्येक क्षेत्र के निरीक्षण उपरान्त समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की गई जिस पर उपस्थित व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किये गये। स्थलीय निरीक्षण रिपोर्ट मूल में संलग्न है। **(संलग्नक–2)**

नैनीताल नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत वृक्षों के पातन आदि के सम्बंध में प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के पत्रांक 885/21–5 दिनांक 01.10.2022 द्वारा विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जो वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, नैनीताल के पत्रांक 551/29–3(3) दिनांक 01.10.2022 द्वारा समिति के सम्मुख प्रस्तुत की गई **(संलग्नक–3)**। प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा मूल आवेदनकर्ता की शिकायत के कम में प्रत्येक मामले में वन विभाग के स्तर से स्थानीय स्तर पर की गई कार्यवाही का पूर्ण विवरण दिया गया है। प्रत्येक क्षेत्र के स्थलीय निरीक्षण उपरान्त मौके पर पायी गई स्थिति तथा इस सम्बंध में प्रशासनिक स्तर पर की गई कार्यवाही आदि का पूर्ण विवरण प्रत्येक क्षेत्रवार निम्नवत है :–

1. **<u>अरोमा होटल नैनीताल के समीप वृक्षों का अवैध पातन के संबंध में–</u>**

   उक्त के संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा मा0 राष्ट्रीय अधिकरण में पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि भू–माफियाओं द्वारा नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत अरोमा होटल के समीप लगभग 09 वृक्षों का अवैध पातन कर दिया गया है, जिसमें कुछ संरक्षित प्रजाति के वृक्ष भी थे। तद्कम में निरीक्षण के समय अरोमा होटल, नैनीताल के समीप निम्न प्रजाति के कुल 08 वृक्षों का पातन पाया गया–

   1. काकीस 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 04 वृक्ष हरा
   2. काकीस 10–20 से0मी0 व्यास वर्ग = 02 वृक्ष हरा
   3. अंगू 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा।
   4. खरसू 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा।

   कुल = 08 वृक्ष







उपरोक्त वृक्षों के अवैध पातन के संबंध में वन विभाग के नामित अधिकारी द्वारा मौके पर कृत कार्यवाही के संबंध में साक्ष्यों के साथ अवगत कराया गया कि वन क्षेत्राधिकारी नगर पालिका, राजि नैनीताल द्वारा वन अपराध संख्या–04/न0 पा0 2022–23 दिनांक 13.04.2022 द्वारा भारतीय वन अधिनियम–1927 धारा–32/33 तथा न0 पा0 बाईलोज 1916 के तहत अज्ञात के विरूद्ध वन अपराध पंजीकृत किया गया है।**(संलग्नक–4)**

वन क्षेत्राधिकारी नगर पालिका राजि द्वारा कार्यालय पत्रांक संख्या– 493/27–1 दिनांक 13.04.2022 द्वारा थाना अध्यक्ष, मल्लीताल, जिला–नैनीताल को इस प्रकरण में एफ0आई0आर0 दर्ज कराने हेतु पत्राचार किया गया था। **(संलग्नक–5)**

प्रश्नगत भूमि राज्य सरकार/नगर पालिका परिषद नैनीताल के स्वामित्व वाली नजूल भूमि है, जिस पर उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण (संशोधन) अधिनियम–1988 के प्राविधान लागू होते है। साथ ही अवगत कराया गया कि

नगर पालिका नैनीताल के वनों का हस्तान्तरण वर्ष 1976 में शासनादेश सं0–1346/14–तीन–37/72 दिनांक–29 मई, 1976 के द्वारा वन विभाग को किया गया है। उक्त शासनादेश के प्रस्तर–3 में स्पष्ट किया गया है कि आरक्षित नजूल भूमि का स्वामित्व पूर्ववत शासन एवं नगर पालिका में निहित रहेगा। **(संलग्नक–6)**

2. **<u>धामपुर बैंड/मोदी भवन के आस–पास के क्षेत्र में संरक्षित प्रजाति के वृक्षों का अवैध पातन के संबंध में–</u>**

उपरोक्त के संबंध में शिकायतकर्ता द्वारा मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि धामपुर बैंड/मोदी भवन के आस–पास के क्षेत्र पर भू–माफियाओं द्वारा लगभग 10 संरक्षित प्रजाति के वृक्षों का अवैध पातन कर दिया गया है। निरीक्षण के समय धामपुर बैंड/मोदी भवन के आस–पास नाप भूमि में 07 सुरई के हरें वृक्षों को गर्डलिंग कर सुखाने की कोशिश की गयी थी, जिसमे निम्न प्रभावित वृक्ष देखे गये–

1. सुरई 40–50 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
2. सुरई 30–40 से0मी0 व्यास वर्ग = 02 वृक्ष हरा
3. सुरई 20–30 से0मी0 व्यास वर्ग = 03 वृक्ष हरा
4. सुरई 10–20 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा

कुल = 07 वृक्ष





निरीक्षण के दौरान देखा गया कि 07 वृक्षों कि गर्डलिंग की गयी थी, जिन पर वन विभाग द्वारा मौस लगाने के बाद घाव भरे गये है तथा सभी वृक्ष स्वस्थ्य/जीवित/हरे खडे देखे गये। अवैध गर्डलिंग के संबंध में म्यूनिसिपल बाय लौज 1916 के अन्तर्गत दिनांक 02.04.2022 को एक लाख रूपया जुर्माने के रूप में वसूला गया। **(संलग्नक–7)**

उक्त वृक्षों में की गयी गर्डलिंग के संबंध में प्रभागीय वन अधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ), देहरादून को दिनांक 04.04.2022 को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है। **(संलग्नक–8)**

3. **टिफिन टॉप, लैण्डसएण्ड एवं किलबरी रोड पर वृक्षों का अवैध पातन के संबंध में–**

निरीक्षण के समय टिफिन टॉप, लैण्डसएण्ड में समिति को 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग के 02 पुराने कटे पोल वृक्ष आयु लगभग 02 वर्ष पाये गये तथा अन्य किसी प्रकार का अवैध पातन नहीं पाया गया। किलबरी रोड़ में भी किसी भी प्रकार का अवैध पातन निरीक्षण के दौरान नहीं पाया गया।





इसके अतिरिक्त शिकायतकर्ता के साथ निम्न स्थानों का भी निरीक्षण किया गया है।

4. **सूखाताल कार पार्किंग स्थल**– उक्त स्थल पर शिकायतकार्ता द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण संस्था, कु0मं0वि0नि0लि0, नैनीताल द्वारा निर्माण हेतु वृक्षों का पातन किया गया है। निरीक्षण के दौरान वन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि 1. पौपुलर वृक्ष 40–50 से0मी0 व्यास वर्ग (01 वृक्ष हरा) 2. पौपुलर वृक्ष 20–30 और 30–40 से0मी0 व्यास वर्ग (16 वृक्ष सूखे) कुल 17 वृक्षों का पातन पार्किंग स्थल, सूखाताल झील में रिचार्जिंग जोन तथा टूरिस्ट स्थल विकसित करने के लिए किया गया है। कु0मं0वि0नि0लि0, नैनीताल आवेदन उपरान्त वन विभाग ने अपने कार्यालय पत्र सं0–5436/31–1 दिनांक–26.05.2022 से नियमानुसार अनुमति प्रदान किया है। **(संलग्नक–9)**





5. स्नोडन कम्पाउण्ड के पास–

शिकायतकर्ता द्वारा मौके पर अवगत कराया गया कि स्नोडन कम्पाउण्ड के पास भी नाप भूमि में वृक्षों का अवैध पातन किया गया है। निरीक्षण के दौरान स्नोडन कम्पाउण्ड के पास नाप भूमि में कतिपय वृक्षों का पातन निम्न अनुसार पाया गया। **(संलग्नक–10)**

1. पदम 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
2. मकौल 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
3. खरसू 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 05 वृक्ष हरा
4. खरसू 20–30 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
5. खरसू 30–40 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा

कुल = 09 वृक्ष







प्रश्नगत नाप भूमि पर जाने के लिए मुख्य मार्ग (नैनीताल–कालाढुँगी मार्ग) से लगभग 20 मीटर सीढीनुमा लगभग 04 फिट चौड़ा एप्रोच रास्ता बनाया गया है। मौके पर विद्युत/जल संयोजन भी देखा गया। पूर्व में शिकायत प्राप्त होने पर वन विभाग द्वारा खरसू प्रजाति का 20–30 व्यास सेमी0 का एक वृक्ष कटे पाये जाने पर वन क्षेत्राधिकारी नगरपालिका राजि0, नैनीताल द्वारा वन अपराध सं0–05/9–प0 दिनांक–20.04.2022 के द्वारा अज्ञात के नाम नगर पालिका बाईलॉज 1916 के तहत वन अपराध पंजीकृत किया गया। **(संलग्नक–11)**

5. होली ऐंजिल्स स्कूल के पास– निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता के द्वारा होली ऐंजिल्स स्कूल के पास पूर्व में कटे वृक्षों के सम्बन्ध में शिकायत की गयी। मौके पर पूर्व में कुछ कटे वृक्षों के खूंट देखे गये जिनका विवरण निम्नवत है :–

1. काकीस 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 06 वृक्ष हरे
2. तिलौंज 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 05 वृक्ष हरे।

कुल = 11 वृक्ष

स्थल पर कोई निर्माण कार्य नहीं देखा गया। क्षेत्र में झाड़ी आदि बहुतायत में हैं।

वन विभाग के द्वारा अवगत कराया गया कि इस स्थल पर अवैध पातन के सम्बंध में वन विभाग द्वारा अपराध संख्या–34/न0पा0/दिनांक–02 नवम्बर, 2021 नगर पालिका वाईलॉज 1916 के तहत मनोज कुमार केयरटेकर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है तथा अपराधी द्वारा जुर्म स्वीकार करने के फलस्वरूप जुर्माने के रूप में ई0–3 सं0–33637 दिनांक–11 नवम्बर, 2021 द्वारा पॉच हजार रू0 प्राप्त कर केस प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा प्रशमित किया गया।**(संलग्नक–12)**

प्रकरण के मुख्य बिन्दु , मौका स्थिति, कृत कार्यवाही के महत्वपूर्ण बिन्दु तथा अवैध पातन आदि की रोकथाम के लिए उपचारात्मक उपाय/सुझाव :–

1. समिति द्वारा देखा गया कि नैनीताल नगर के स्थानीय निवासी, प्रेस एवं मीडिया हरे वृक्षों के कटान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है तथा विभाग को अधिकांश मामलों में स्थानीय सहयोग तथा उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक व्यवस्था के तहत हरे वृक्षों के पातन आदि की सूचनाऐं प्राप्त होती रहती हैं तथा अधिकांश मामलों में वन विभाग के स्तर से जुर्म इत्यादि पंजीकृत करते हुए तथा जुर्माना वसूलते हुए रोकथाम की कार्यवाही की गई है। वन विभाग को सतत रूप से क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अपराध गठित होने के दौरान ही अपराध पर नियंत्रण करने के लिए प्रशासनिक तंत्र विकसित करने की जरूरत है।
2. वृक्षों के अवैध पातन की शिकायत प्राप्त होने की दशा में त्वरित कार्यवाही करने के लिए वन विभाग द्वारा शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन कर संचालन किया जायें, जो निगरानी हेतु अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस उपकरणों से सुसज्जित हो। प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज शिकायतों का व्यौरा व कृत कार्यवाही का विवरण अंकित किया जायें।
3. नैनीताल नगर क्षेत्रान्तर्गत अधिसूचित हरित जोन व निर्माण प्रतिबन्धित क्षेत्रों का प्रचार–प्रसार हेतु सम्बन्धित होर्डिंग/सूचना बोर्ड लगाये जाये, जिसके लिए स्थानों का चिन्हिकरण किया जाना होगा।
4. विगत 20 वर्ष की गूगल इमेजरी के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि नैनीताल नगर क्षेत्र में आवासीय भवनों का प्रसार द्रुत गति से हो रहा है। नगर क्षेत्र के विकास का मास्टर प्लान वर्ष 1995 से लागू है जो वर्तमान में भी प्रभावी है। नये मास्टर प्लान में निर्माण कार्य में प्रभावी नियंत्रण हेतु वैज्ञानिक तरीकों का भी समावेश किया जाना आवश्यक होगा।
5. नैनीताल नगर क्षेत्रान्तर्गत हरित जोन क्षेत्र में अवैध निर्माण पर पूर्ण प्रतिबन्ध व कठोर दण्ड का भी प्राविधान रखा जाय।

6. पूर्व निर्मित भवन, जिन्हें मरम्मत व पुर्ननिर्माण की अनुमति दी जा रही है, पूर्व स्वीकृत एवं निर्मित क्षेत्रफल अनुसार हो, उसके अतिरिक्त निर्माण न हो।
7. नगर क्षेत्रान्तर्गत नजूल की भूमि का स्वामित्व शासन एवं नगर पालिका में निहित होने के कारण नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत स्थित नजूल भूमि एवं नगर पालिका से बाहर की नजूल भूमि के वृक्षों के कटान पर नगर पालिका द्वारा भी दण्डात्मक एवं प्रभावात्मक कार्य किया जाना अपेक्षित होगा।

(डा0 डी0के0 जोशी)	(जीवन सिंह नगन्याल)	(मान सिंह)
क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड	अपर आयुक्त,	वन संरक्षक, दक्षिणी वृत्त,
प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हल्द्वानी	कुमाऊँ	नैनीताल वन प्रभाग।

मा० राष्ट्रीय हरित अधिकरण मे योजित मूल आवेदन संख्या- 518/2022 मे पारित आदेश दिनांक- 01-09-2022 के अनुपालन में आज दिनांक 23/09/2022 को गठित समीति के सदस्यो तथा मूल आवेदनकर्ता श्री विवेक वर्मा तथा अन्य की उपस्थिति मे निकट अरोमा होटल, धामपुर बैण्ड, मोदी भवन, किलबरीरोड तथा रोपट रॉप का स्थलीय निरीक्षण किया गया है. संयुक्त स्थलीय निरीक्षण में उपस्थिति निम्नवत है —

क्र.सं. अधिकारी/कर्मचारी का नाम/पदनाम विभाग हस्ताक्षर

सधन्यवाद
मनोज साह
जगाती
विवेक वर्मा

1. जी.एस. नगन्याल
2. (मान सिंह) CCF/CF
S. Kumar PCCF(HoFF) प्रतिनिधि
3. डा. डी. के जोशी RO PCB
4. प्रमोद चन्द्र तिवारी R.O.
5. हरीश चन्द्र पाण्डे ASO PCB
6. नन्दन सिंह नेगी H.T NTNL
7. अशोक कुमार वर्मा F.O NTL
8. TANZIM KHALID, TANSEEM NTL

संलग्नक-1

11

Item No.08 (Court No. 2)

BEFORE THE NATIONAL GREEN TRIBUNAL
PRINCIPAL BENCH

(By Video Conferencing)
Original Application No.518/2022

Vivek Verma ...Applicant

Versus

State of Uttarakhand ...Respondents

Date of hearing: 01.09.2022

CORAM: HON'BLE MR. JUSTICE ARUN KUMAR TYAGI, JUDICIAL MEMBER
HON'BLE DR. AFROZ AHMAD, EXPERT MEMBER

Applicant: Applicant in person.

Application is registered based on a Letter Petition received by Post.

ORDER

1. Mr. Vivek Verma son of Late Shri Madan Mohan Lal Verma resident of H. No.191, Bada Bazaar Mallital, Nainital has sent the present letter petition, which is treated and registered as original application, complaining about unauthorised cutting of trees in forest area adjacent to Nainital city during the last few years. The applicant has submitted that some of the trees belonged to endangered species. The forest area is also getting damaged due to illegal felling of trees. Since Naini Lake gets recharged by forest areas around it, there is danger of loss of catchment area of Naini Lake due to destruction of forest area by illegal cutting of trees.

2. This Tribunal is empowered to *suo moto* take cognizance of the cases involving questions relating to environment arising out of the implementation of enactments specified in First Schedule of the National Green Tribunal Act, 2010 as held by Hon'ble Supreme Court in ***Municipal Corporation of Greater Mumbai V/s. Ankita Sinha and others 2021 SSC Online SC 897.*** This Tribunal can also take cognizance of such cases on the

basis of letter petitions in accordance with settled principles of law governing Public Interest Litigation.

3. *Prima facie*, the allegations made in the application raise questions relating to environment arising out of the implementation of the enactments specified in Schedule I to the National Green Tribunal Act, 2010. In view of the allegations made in the application, we consider it appropriate that a Joint Committee be constituted to verify the factual position and take remedial action. Accordingly, we constitute a Joint Committee comprising of representatives of Principal Chief Conservator of Forests (HoFF), Government of Uttarakhand, State PCB and Divisional Commissioner, Kumaon Division and direct the same to meet within two weeks, undertake visits to the site, look into the grievances of the applicant, associate the applicant, verify the factual position and take appropriate remedial action after following due process of law and submit its Factual and Action Taken Report within two months by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Supported PDF and not in the form of Image PDF. The State PCB will be the nodal agency for coordination and compliance.

4. List for further consideration on 24.11.2022.

5. A copy of this order, along with a copy of the application and documents attached with the same, be forwarded to the Principal Chief Conservator of Forests (HoFF), Government of Uttarakhand, State PCB and Divisional Commissioner, Kumaon Division by e-mail for compliance.

Arun Kumar Tyagi, JM

Dr. Afroz Ahmad, EM

September 01, 2022
AG

संलग्नक–2

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित मूल आवेदन संख्या 518/2002 में पारित आदेश दिनांक 01.09.2022 के अनुपालन में गठित समिति के सदस्यों एवं मूल आवेदनकर्ता की उपस्थिति में संयुक्त क्षेत्र भ्रमण दिनांक 23.09.2022 की कार्यवाही का विवरण –

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित मूल आवेदन सं0 518/2022 में पारित आदेश दिनांक 01.09.2022 के अनुपालन में प्रमुख वन संरक्षक (HoFF) उत्तराखण्ड, देहरादून, आयुक्त कुमाऊँ मण्डल नैनीताल तथा उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के स्तर से नामित प्रतिनिधियों तथा मूल आवेदनकर्ता एवं अन्य विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति में दिनांक 23.09.2022 को नैनीताल एवं आस–पास के क्षेत्र जिसमें वृक्षों के पातन आदि की शिकायत की गई थी, का संयुक्त निरीक्षण किया गया।

प्रत्येक क्षेत्र के संयुक्त निरीक्षण के दौरान निम्न प्रकार मौके की स्थिति पायी गयी।

1. अरोमा होटल नैनीताल के समीप है वृक्षों का अवैध पातन – अरोमा होटल नैनीताल के समीप निम्न प्रजाति के वृक्षों का पातन पाया गया।

1. काकीस 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग	= 04 वृक्ष हरा
2. काकीस 10–20 से0मी0 व्यास वर्ग	= 02 वृक्ष हरा
3. अंगू 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग	= 01 वृक्ष हरा
4. खरसू 0–10से0मी0 व्यास वर्ग	= 01 वृक्ष हरा
कुल	**= 08 वृक्ष**

उपस्थित नगर पालिका के प्रतिनिधि न भूमि के स्वामी की स्थिति प्रथक से स्पष्ट करने वावत अवगत कराया।

2. सूखाताल कार पार्किंग स्थल (निर्माण संस्था, कु0मं0वि0नि0लि0 नैनीताल) द्वारा निर्माण हेतु वृक्षों का पातन – निम्न वृक्षों का पातन पार्किंग निर्माण, सूखाताल झील में रिचार्जिंग जोन तथा टूरिस्ट स्थल विकसित करने के लिए किया गया।

पौपुलर वृक्ष 40–50 से0मी0 व्यास वर्ग	= 01 वृक्ष हरा
पौपुलर 20–30, 30–40से0मी0 व्यास वर्ग	= 16 वृक्ष सूखे

3. धामपुर बैण्ड/मोदी भवन नैनीताल के पास नाप भूमि में 07 सुरई के हरे वृक्षों को गर्डलिंग कर सुखाने की कोशिश करना – निम्न प्रभावित वृक्ष देखे गये।

1. सुरई 40–50 से0मी0 व्यास वर्ग	= 01 वृक्ष हरा
2. सुरई 30–40 से0मी0 व्यास वर्ग	= 02 वृक्ष हरा
3. सुरई 20–30 से0मी0 व्यास वर्ग	= 03 वृक्ष हरा
4. सुरई 10–20 से0मी0 व्यास वर्ग	= 01 वृक्ष हरा
कुल	**= 07 वृक्ष**

07 वृक्ष की गर्डलिंग की गई थी जिनपर मौस घास लगाने के बाद घाव भर गये हैं तथा सभी वृक्ष हरे खडे देखे गये।

23/9/22

वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड
नैनीताल.

4. स्नोडन कम्पाउण्ड के पास नाप भूमि में अवैध पातन – निम्न वृक्षों का अवैध पातन पाया गया।

1. पदम 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
2. मकौल 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
3. खरसू 1–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 05 वृक्ष हरा
4. खरसू 20–30 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा
5. खरसू 30–40 से0मी0 व्यास वर्ग = 01 वृक्ष हरा

कुल = 09 वृक्ष

भूमि पर जाने के लिए मुख्य मार्ग से लगभग 20 मीटर सीढ़ीनुमा 4 फीट चौड़ा एप्रोच रास्ता बनाया गया है। भूमि पर बिजली व पानी का कनेक्शन भी देखा गया।

5. होली ऐंजिल्स स्कूल के पास वृक्षों का अवैध पातन – निम्न वृक्षों का अवैध पातन पाया गया।

1. काकीस 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 06 वृक्ष हरे
2. तिलौंज 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग = 05 वृक्ष हरे

कुल = 11 वृक्ष

भूमि पर कोई निर्माण नहीं हुआ है।

6. टिफिन टॉप, लैण्डसएण्ड एवं किलबरी रोड पर वृक्षों का अवैध पातन – टिफिन टॉप, लैण्डसएण्ड भ्रमण के दौरान समिति को 0–10 से0मी0 व्यास वर्ग के 2 पुराने कटे पोल वृक्ष आयु लगभग 2 वर्ष पाये गये तथा अन्य किसी भी प्रकार का अवैध पातन नहीं पाया गया। किलबरी रोड में भी किसी भी प्रकार का अवैध पातन निरीक्षण में नहीं पाया गया।

उक्त निरीक्षण व अंकित विवरण से संतुष्ट होते हुए उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों, व्यक्तियों द्वारा निम्नानुसार हस्ताक्षर किये गये –

1:- प्रमोद चन्द्र तिवारी
वन क्षेत्राधिकारी

तहसीलदार
नैनीताल

EO
NPP NTL

R.O
PCB

23.9.22

वन संरक्षक,
[illegible] कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड
नैनीताल.

संलग्नक-3

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल ।

पत्रांक 885/21-5 दिनांक, नैनीताल 01/10/2022 ।

सेवा में,

वन संरक्षक दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त (नाम से)
उत्तराखण्ड नैनीताल।

विषयः– **माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित वाद मूल आवेदन संख्या 518/2022 विवेक वर्मा बनाम उत्तराखण्ड राज्य में दिनांक 01.09.2022 को पारित आदेश के अनुपालन में संयुक्त निरीक्षण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि इस वन प्रभाग की नगरपालिका राजि नैनीताल अन्तर्गत दिनांक 13.04.2022 की रात्रि को अरोमा होटल मल्लीताल नैनीताल के समीप विभिन्न प्रजाति के वृक्षो का अवैध पातन पाया गया। जिसमें वन क्षेत्राधिकारी नगरपालिका राजि नैनीताल द्वारा वन अपराध सं० 04/न० पा० 2022–23 दिनांक 13.04.2022 को भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 32/33 तथा न० पा० बाइलॉज 1916 के तहत अज्ञात के विरूद्व वन अपराध पंजीकृत किया गया। चूँकि अपराधी का पता ज्ञात न हो पाने के कारण वन क्षेत्राधिकारी नगरपालिका राजि द्वारा **अपने कार्यालय पत्रांक सं0 493/27–1 दिनांक 13.04.2022 (छाया प्रति संलग्नक–01)** द्वारा थाना अध्यक्ष मल्लीताल जिला नैनीताल को इस प्रकरण में एफ० आई० आर० दर्ज करने हेतु पत्राचार किया गया था तथा अधोहस्ताक्षरी को सूचित भी किया गया था। जिसके क्रम में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय **पत्रांक संख्या 4128 दिनांक 13.04.2022 (छाया प्रति संलग्नक–02)** से वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक नैनीताल को इस प्रकरण में एफ० आई० आर० दर्ज करने हेतु पत्राचार किया गया था, परन्तु आतिथि तक प्रकरण में न तो एफ० आई० आर० दर्ज की गई और न ही इस विषय में कोई पत्राचार किया गया है।

उक्त प्रकरण में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस कार्यालय के **पत्रांक संख्या 4913/27–1 दिनांक 13.04.2022 (छाया प्रति संलग्नक–03)** के द्वारा तत्कालीन वन क्षेत्राधिकारी नैना राजि निवर्तमान वन क्षेत्राधिकारी भवाली श्रीमती ममता चंद को जाँच अधिकारी नामित किया गया। जिसके क्रम में इनके द्वारा अपने कार्यालय **पत्रांक मैमो/27–1 भवाली रेंज दिनांक 15.09.2022** से जाँच कर आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी। जिसके अंश निम्न प्रकार है– (छायाप्रति संलग्नक-04)

" इस प्रकार प्रश्नगत भूमि राज्य सरकार/नगर पालिका परिषद, नैनीताल के स्वामित्व वाली नजूल भूमि है। जिस पर उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण (संशोधन) अधिनियम–1988 के प्रविधान लागू होते है। इस प्रकार प्रश्नगत प्रकरण में अपराध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा –4/10 का अपराध गठित होता है। उक्त संशोधन उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व हुए है, एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त अधिनियम को उत्तर प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम–2000 की धारा–86 के तहत यथाप्रवृत्त रखते हुए वर्ष–2022 में अनुकूलित एवं उपान्तरित किया गया है।

इस प्रकार प्रश्नगत प्रकरण में घटित अपराध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा –4/10 का अपराध है एवं उक्त अपराध जमानतीय एवं प्रशमनीय प्रकृति का है। प्रश्नगत अपराध के सम्बन्ध में दण्ड प्रक्रिया संहिता–1973 की धारा–39 एवं 40 के तहत स्थानीय नागरिको एवं ग्रामीणों के स्तर से किसी भी अभियुक्त की पहचान कर सूचित नही किया गया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के पत्रांक–4128 दिनांक 13.04.2022 द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल को पत्र लिख उक्त प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज करवाने का अनुरोध किया गया था। पुलिस के स्तर से अग्रेत्तर जांच करवाया जाना भी आवष्यक प्रतीत हो रहा है। जिससे ऐसी घटनाओं की भविष्य में पुनरावृत्ति न हो सके प्रकरण की विवेचना समाप्त की जाती है।" **(छाया प्रति संलग्नक–05)**

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।

नगरपालिका राजि नैनीताल के सूखाताल क्षेत्र में एक पापुलर वृक्ष 40–50 वर्ग व्यास सेमी0 का कटा पाया गया। जिसके क्रम में आपको अवगत कराना है कि इस प्रकरण में इस कार्यालय की **पत्र संख्या 5436/23–1 दिनांक 26.05.2022 (छाया प्रति संलग्नक–06)** के द्वारा सहायक अभियन्ता, कुमाऊँ मण्डल विकास निगम नैनीताल को सूखाताल झील को रिचार्जिंग जोन एंव टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तहत प्रदान की गयी थी।

वन क्षेत्राधिकारी नगरपालिका राजि नैनीताल द्वारा धामपूर बैंड/मोदी भवन के समीप निजी नाप भूमि में 07 सुरई हरें के वृक्ष जो विभिन्न व्यास वर्ग के थे की गर्ड़लिंग करना पाया गया। जिसमें वन क्षेत्राधिकारी नगरपालिका राजि नैनीताल द्वारा तत्काल **वन अपराध संख्या 02/न० पा० दिनांक 02.04.2022 (छाया प्रति संलग्नक–07)** अज्ञात के विरूद्ध नगरपालिका बाइलॉज 1916 के तहत वन अपराध पंजीकृत किया गया। इस प्रकरण में अन्तिम जाँच रिर्पोट में भूस्वामी श्री अपराजित जैमवाल हाल निवासी गाँधी नगर जम्मू को विभाग द्वारा अपराधी मानते हुए सम्बन्धित से **ई० 3 संख्या– 27046 दिनांक 11.04.2022** से एक लाख रूपया मात्र (100000.00) जुर्माना वसूल कर उप प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल द्वारा प्रश्मित किया गया एवं उक्त धनराशि को राजस्व में जमा किया गया तथा गर्डलिंग वाले स्थानो पर विभाग द्वारा वृक्षो के संरक्षण हेतु मौस घास से उपचारित किया गया है। वर्तमान में उक्त सभी वृक्ष स्वस्थ एवं हरे खड़े की स्थिती में है।

इसके साथ ही साथ स्नोडन कम्पाउण्ड के समीप धामपूर बैन्ड में खरसू प्रजाति का 20–30 वर्ग व्यास सेमी० का एक वृक्ष कटा पाया गया था। जिसके क्रम में वन क्षेत्राधिकारी नगरपालिका राजि नैनीताल द्वारा वन अपराध संख्या **संख्या 05/न० पा०/दिनाँक 20.04.2022 (छाया प्रति संलग्नक–08)** अज्ञात के विरूद्ध नगरपालिका बाइलॉज 1916 के तहत वन अपराध पंजीकृत किया गया है तथा जाँच गतिमान है। इसके अंतिरिक्त नगर पालिका राजि में होली एंजल्स के समीप विभिन्न व्यास वर्ग के तिलौंज एवं काकीस प्रजाति के विभिन्न व्यास वर्ग के कुल 11 पोल अवैध पातित किए गए हैं। जिसके विरूद्ध वन क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका राजि द्वारा वन अपराध **संख्या 34/न० पा०/दिनाँक 02 नवम्बर, 2021** नगर पालिका वाईलॉज 1916 के तहत् श्री मनोज कुमार केयरटेकर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसको सम्बन्धित अपराधी द्वारा ई० – 3 संख्या 33637 दिनांक 11 नवम्बर, 2021 से पांच हजार रू० मात्र (5000.00) राजस्व में जमा कर प्रकरण को उप प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल द्वारा प्रश्मित कर दिया गया है।

अतः महोदय उक्त प्रकरण की जाँच आख्या सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। कृपंया प्रेषित सूचना का अवलोकन करने की कृपा करें।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

एच०-९ संलग्नक-4

वन विभाग, उत्तरांचल, सर्किल प्रकाष्ठ सम्भरण वृत्त

नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

11

वन अपराध नगरपालिका प्रसूचना सं० दो (2) दिनांक 13-4-2022 रेंज नगरपालिका

1- नाम, पिता का नाम और निवास स्थान अज्ञात

2- साक्षी का नाम स्वयम् पन दरोगा, बीट वाचर देवेन्द्र कुमार

3- कथित अपराध का पूरा विवरण और दिनांक आज दि० 13-4-2022 को प्रातः श्रीमान् वनक्षेत्राधिकारी महोदय के व्हाट्सएप के माध्यम से दी गई सूचना के आधार पर अरामा होटल मल्लीताल के पास नगरपालिका भूमि में वृक्ष निम्न प्रकार काटे गये।

(वृक्ष प्रजाति)	(व्यास वर्ग सेमी०)	(संख्या)
कॉकोरा हरा खड़ा	20-30	4
"	0-10	3
अंयार हरा खड़ा	20-30	1
		8 वृक्ष

4- मूल्य

5- चालान और अनुसंधान (इन्मीस्टिगेशन) के सम्बन्ध में विशेष कथन भा० व० अ० 1927 की धारा 32/33 तथा नगरपालिका बायलौज 1916 के अन्तर्गत जुर्म इन्द्राज किया गया

Ranjeet Singh Thapa

(रणजीत सिंह थापा)

6- प्रसूचना (रिपोर्ट) के ब्यौरे और आदि का उल्लेख

[illegible] ... [illegible] की ... [illegible]

–:अंतिम जांच रिपोर्टः–

1. रेंज केस संख्या–04 / नगर पालिका / 2022–23
2. घटना का दिनांक– 12.04.2022
3. घटना का समय लगभग–1:00 AM
4. अभियुक्त का नाम–अज्ञात।
5. अपराध की धारा– भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–32 / 33 एवं नगर पालिका उपविधि (बायलॉज)–1916 (पंजीकृत अपराध के अनुसार)।
6. अपराध की धारा– विवेचना के उपरान्त, धारा–4 / 10, उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976।

प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के पत्र संख्या–4913 / 27–1 दिनांक 13.04.2022 के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 12.04.2022 को नगर पालिका वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के अन्तर्गत अयारपाटा क्षेत्र में वृक्षों के अवैध कटान के सम्बन्ध में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। उक्त पत्र में अधोहस्ताक्षरी को सम्पूर्ण प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिये हैं, इस कारण प्रकरण में नगर पालिका वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के द्वारा पंजीकृत वन अपराध की जांच भी अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जा रही है–

1– घटना का संक्षिप्त विवरण– दिनांक 12.04.2022 को नगर पालिका वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के अन्तर्गत अयारपाटा क्षेत्र में निम्न प्रजाति के वृक्षों का अवैध पातन होना पाया गया था।

क्र0सं0	प्रजाति	व्यास वर्ग (सेमी में)	अभियुक्ति
1	काकीस	10–20	हरा खड़ा
2	अंगू	10–20	– " –
3	अंगू	10–20	– " –
4	काकीस	20–30	– " –
5	काकीस	20–30	– " –
6	काकीस	0–10	– " –
7	खरसू	0–10	– " –
8	काकीस	0–10	– " –

2– नगर पालिका वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा प्रकरण में रेंज केस संख्या–4 / नगर पालिका वन क्षेत्र / 2022–23 दिनांक 12.04.2022 को पंजीकृत किया गया है। पंजीकृत अपराध मे घटना स्थल को नजूल दर्शाया गया है। अपराध भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–32 / 33 एवं नगर पालिका उपविधि (बायलॉज)–1916 के अन्तर्गत पंजीकृत किया गया है।

घटना स्थल का निरीक्षण– अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 15.04.2022 को घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। घटना स्थल नगर पालिका वन क्षेत्र कार्यालय से लगभग 03 किमी दूरी पर है। घटना स्थल तक पहुंचने के लिए नैनीताल–कालाढूंगी–बाजपुर मोटर मार्ग का उपयोग किया जाता है। नैनीताल स्थित मनू महारानी होटल से घटना स्थल को एक संकरी सड़क जाती है। निरीक्षण के दौरान अधोहस्ताक्षरी के साथ श्री दया शंकर, उपराजिक, नैना रेंज, श्री चन्दन सिंह रावत, वन दरोगा, श्री जगदीश जोशी, वन दरोगा, नैना रेंज एवं श्री रणजीत थापा, वन दरोगा, नगर पालिका रेंज मौजूद थे। घटना स्थल पर श्री मनोज साह जगाती, सभासद, वार्ड नं0–8, अयारपाटा, नगर

पालिका परिषद् नैनीताल भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में घटना स्थल पर पातित वृक्षों का मापन किया गया। मापन के उपरान्त निम्न प्रजाति के वृक्षों का पातन होना पाया गया है–

क्र0सं0	प्रजाति	व्यास वर्ग (सेमी में)	अभियुक्ति
1	काकीस	10–20	हरा खड़ा
2	अंगू	10–20	– " –
3	अंगू	10–20	– " –
4	काकीस	20–30	– " –
5	काकीस	20–30	– " –
6	काकीस	0–10	– " –
7	खरसू	0–10	– " –
8	काकीस	0–10	– " –

पातित किये गये वृक्षों से उत्पादित प्रकाष्ठ/जलौनी मौके पर ही मौजूद है। इस प्रकार घटना स्थल के निरीक्षण से यह तथ्य प्रथम दृष्टया प्रकाश में आता है कि वृक्षों का पातन घरेलू उपयोग या प्रकाष्ठ के व्यसायिक उपयोग हेतु नहीं किया गया है। भूमि पर स्थित वृक्षों को हटाकर भूमि के उपयोग अन्य प्रयोजन हेतु करना प्रथम दृष्टया घटना स्थल के निरीक्षण से संज्ञान में आया है। घटना स्थल की जी0पी0एस0 N- $29^0$23' 37.60", E- 79^0 44.68" एवं उंचाई 2245 मीटर पायी गयी। घटना स्थल के पास होटल एरोमा स्थित है। जिसके कर्मचारियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा घटना की कोई जानकारी न होना बताया गया। घटना के सम्बन्ध में होटल कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि होटल में 5 सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं, और सभी कैमरे खराब हैं। श्री राजेश नरूला पुत्र स्व0 श्री वजीर चन्द्र नरूला, होटल लीज धारक द्वारा कोई भी सी0सी0टी0वी0 फुटेज उपलब्ध कराने में असमर्थता व्यक्त की गयी। श्री राजेश नरूला पुत्र स्व0 श्री वजीर चन्द्र नरूला, होटल लीज धारक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 12.04.2022 की मध्य रात्रि 12:30 AM तक पर्यटक होटल के परिसर में जोकि घटना स्थल के ठीक उपर है, में कैम्प फायर का आनन्द ले रहे थे। इस प्रकार 12:30 AM तक उक्त क्षेत्र में कोई भी वृक्ष नहीं कटा था। श्री मनोज साह जगाती, सभासद, वार्ड नं0–8, अयारपाटा, नगर पालिका परिषद् नैनीताल द्वारा भी उक्त कथन की पुष्टि की गयी है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के नगर पालिका वन क्षेत्र पाये जाने वाली वनस्पतियों एवं वृक्षों की सूची का अवलोकन किया गया। वन अपराध में जिस वृक्ष को काकीस प्रजाति का लिखा गया है, वह वास्तव में खागसी (Dogwood) है। जिसका वानस्पतिक Swida macrophylla नाम है। अंगू (Ash) का वानस्पतिक नाम Fraxineus micrantha है। इस प्रकार दर्ज अपराध में वर्णित काकीस प्रजाति वास्तव में खागसी (Dogwood) है। खरसू का वानस्पतिक नाम (Quercus semecarpifolia) है।

अभिलेखों का सत्यापन– अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका वन क्षेत्र, नैनीताल में जाकर श्री प्रमोद तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी एवं श्री रणजीत थापा, वन दरोगा, नगर पालिका वन क्षेत्र से पूछताछ की गयी। दोनों अधिकारियों द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रश्नगत क्षेत्र नगर पालिका वन क्षेत्र में अधिसूचित संरक्षित वन की सीमा में स्थित नहीं है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा वन विभाग की अधिसूचना संख्या–478/XIV/26 दिनांक 02.11.1909 द्वारा भारतीय वन अधिनियम–1878 की धारा–28 के तहत जनपद नैनीताल के परगना छःकाता में स्थित नैनीताल नगर पालिका परिषद् से लगे वनों की सीमाओं का अवलोकन किया गया। वन क्षेत्राधिकारी, नगर पालिका वन क्षेत्र, नैनीताल द्वारा अवगत

कराया गया कि उक्त अधिसूचना से आच्छादित संरक्षित वनों में प्रश्नगत क्षेत्र/घटना स्थल सम्मिलित नहीं है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, वन अनुभाग–3 की शासनादेश संख्या– 1346/14–तीन– 37/72 दिनांक 29.05.1976 का भी अवलोकन किया गया। जिसके तहत नगर पालिका, नैनीताल के वनों का हस्तान्तरण नैनीताल नगर पालिका नैनीताल से वन विभाग का हुआ है। उक्त शासनादेश के प्रस्तर–3 में स्पष्ट किया गया है कि आरक्षित नजूल भूमि का स्वामित्व पूर्ववत् शासन एवं नगर पालिका में निहित रहेगा। जिसके प्रयोग/निवारण/निस्तारण का सर्वाधिकार नगर पालिका नैनीताल का इस शर्त पर होगा कि वन संरक्षण व विकास पर किसी भी प्रकार का कोई कुप्रभाव न पड़े। नगर पालिका प्रत्येक कार्य के लिए वन विभाग की राय व सहमति अनिवार्यता से लेगी। वृक्षों के निस्तारण व कटान आदि केवल वन विभाग के माध्यम से किया जायेगा।

इस प्रकार प्रश्नगत भूमि/घटना स्थल शासन/नगर पालिका, नैनीताल के स्वामित्व वाली नजूल भूमि होना प्रकाश में आया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका वन क्षेत्र के अन्तर्गत पातन हेतु प्राप्त अनुरोध पत्रों का अवलोकन किया गया। नगर पालिका नैनीताल के स्तर से उक्त वृक्षों के पातन हेतु कोई प्रस्ताव वन विभाग को नहीं दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अपने पत्र दिनांक 20.04.2022 द्वारा अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका, नैनीताल को पत्र लिख उक्त भूमि के स्वामित्व की स्थिति एवं अवैध पातन पर उनके स्तर से की गयी कार्यवाही का विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया है।

प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा अपने कार्यालय के पत्रांक–4128 दिनांक 13.04.2022 द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल को पत्र लिख उक्त प्रकरण में प्राथमिकी दर्ज करवाने का अनुरोध किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा थाना मल्लीताल में इस सम्बन्ध में सम्पर्क करने पर पाया गया कि प्रकरण में कोई भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी है।

ब्रिटिश कुमाऊँ के अन्तर्गत अधिसूचना–869/XIV दिनांक 17.10.1893 द्वारा गढ़वाल, अल्मोड़ा तथा नैनीताल जिले में आरक्षित एवं नाप भूमि को छोड़ते हुए समस्त प्रकार की पनघट, गोचर एवं अन्य बेनाप जमीनों को संरक्षित वन घोषित किया गया है। इस प्रकार उक्त अधिसूचना के आधार पर राज्य सरकार के स्वामित्व वाली एवं नगर पालिका, नैनीताल के नियन्त्रणाधीन वनों पर भी लागू होता है। प्रश्नगत प्रकरण से सम्बन्धित क्षेत्र राज्य सरकार के अभिलेखों में वन भूमि के रूप में दर्ज होना संज्ञान में नहीं है। इस कारण भारतीय वन अधिनियम–1927 की धारा–32/33 एवं नगर पालिका उपविधि (बायलॉज)–1916 का अपराध गठित नहीं होता है। इस कारण उक्त धाराओं को अपराध से पृथक किया जाता है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों के अन्तर्गत स्थित वृक्षों के निपातन एवं पुर्नआरोहण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 लागू किया गया था। मूल अधिनियम की धारा–2(सी) के अनुसार उक्त अधिनियम शहरी क्षेत्रों पर लागू नहीं होता है एवं धारा–2(डी) के अन्तर्गत उक्त अधिनियम राजकीय उद्यानों एवं राजकीय स्वामित्व वाली भूमि पर लागू नहीं होता है। उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना–1425(2)/XVII-V-I-I(KA)-20-1998 दिनांक 29.07.1998 द्वारा उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 में संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश वृक्ष

संरक्षण (संशोधन) अधिनियम–1998 प्रख्यापित किया गया है। उक्त संशोधन अधिनियम के धारा–4 में निम्न प्राविधान किये गये हैं–

4. In section 2 of the principal Act, for clauses (c) and (d) the following clauses shall be substituted, namely:-

"(c) trees situate in cantonment area."

इस प्रकार प्रश्नगत भूमि राज्य सरकार/नगर पालिका परिषद, नैनीताल के स्वामित्व वाली नजूल भूमि है। जिस पर उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण (संशोधन) अधिनियम–1998 के प्राविधान लागू होते हैं। इस प्रकार प्रश्नगत प्रकरण में अपराध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा–4/10 का अपराध गठित होता है। उक्त संशोधन उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व हुए हैं, एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त अधिनियम को उत्तर प्रदेश पुर्नगठन अधिनियम–2000 की धारा–86 के तहत यथाप्रवृत्त रखते हुए वर्ष–2002 में अनुकूलित एवं उपान्तरित किया गया है।

इस प्रकार प्रश्नगत प्रकरण में घटित अपराध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा–4/10 के अन्तर्गत अपराध है एवं उक्त अपराध जमानतीय एवं प्रशमनीय प्रकृति का है।

उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा–22 के तहत इस अधिनियम के उपबन्ध उस समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अतिरिक्त होंगे। इस प्रकार धारा–22 से स्पष्ट है कि उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 के अतिरिक्त सम्बन्धित भू–स्वामी विभाग अपने नियन्त्रणाधीन क्षेत्रों में हुए अवैध पातन के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान (आई0पी0सी0) के तहत पुलिस या राजस्व विभाग में अपराध पंजीकृत करवा सकता है। जिस विभाग/राजकीय भूमि पर अवैध पातन हुआ है, उस विभाग की ओर से प्रकरण में कोई भी प्राथमिकी दर्ज नहीं करवायी गयी है।

उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा–16 के अन्तर्गत निम्न व्यवस्था मौजूद है–

16. अधिनियम के उल्लंघन की आख्या कतिपय अधिकारियों द्वारा दी जायेगी– *प्रत्येक वन अधिकारी, लेखपाल, पंचायत सचिव, पुलिस–कांस्टेबिल, सहायक उद्यान–निरीक्षक या सहायक भूमि संरक्षण निरीक्षक या उनसे वरिष्ठ किसी अधिकारी का कर्तव्य होगा कि वह–*

(क) धारा 4 के किसी उल्लंघन की या ऐसा उल्लंघन किये जाने की तैयारी की सूचना, जो उसकी जानकारी में आये, तुरन्त सक्षम प्राधिकारी को दे, और

(ख) ऐसे उल्लंघन को, जिसे वह जानता हो या जिसके बारे में उसे यह विश्वास करने का कारण हो कि वह किया जाने वाला है या जिसके लिये किये जाने की सम्भावना है, रोकने के लिये समस्त युक्तियुक्त उपाय करे जो उसकी शक्ति में है।

उपरोक्त अपराध में वन कर्मियों के अतिरिक्त किसी अन्य अधिकारी के स्तर से न तो वृक्षों को पातन से संरक्षित किये जाने के लिए प्रयास किया गया है और न ही कोई पातन की सूचना प्रेषित की गयी है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल द्वारा अधिसूचित वृक्ष प्रजातियों से सम्बन्धित दरों का अवलोकन किया गया, जिसके अनुसार अवैध पातन के प्रकरण में पातित वृक्षों का मूल्य/क्षति का आकलन किया गया। अधिसूचित दरों के अनुसार कुल क्षति धनराशि 3225.00/– (तीन हजार, दो सौ पच्चीस रूपये मात्र) रूपये पायी गयी है। स्थायी आदेश के साथ संलग्न अनुसूचित दरों की सूची के अन्त में उल्लेखित बिन्दु संख्या–05 के अनुसार अवैध पातन किये गये वृक्षों के मूल्य का पांच गुना तक अर्थदण्ड प्रभागीय वनाधिकारी के विवेकानुसार अपराध की श्रेणी को देखते हुए निर्धारित किया जायेगा।

संदिग्धों की पहचान एवं धरपकड़ हेतु प्रयास– अधोहस्ताक्षरी द्वारा जांच अधिकारी के रूप में लगातार अवैध पातन क्षेत्र में जाकर आस–पास के लोगों से पूछताछ कर संदिग्ध व्यक्तियों/अवैध पातन में सम्मिलित अभियुक्तगणों की पहचान करने का प्रयास किया गया। घटना का सम्भावित समय मध्य रात्रि होने के कारण सम्भवतः कोई भी साक्षी मौके पर मौजूद नहीं रहा होगा। स्थानीय वन कर्मियों को भी निर्देशित किया गया था कि वे अपने स्तर से अपराध में सम्मिलित व्यक्तियों की पहचान कर साक्ष्य जुटाने का प्रयास करें। घटना के सम्बन्ध में किसी भी स्थानीय नागरिक/सूचना प्रदाता द्वारा अभियुक्त/संदिग्ध व्यक्तियों के नाम पते/पहचान को उजागर नहीं किया गया। घटना स्थल पर पातित किये गये वृक्षों का प्रकाष्ठ मौजूद होने से व्यवसायिक पातन या घरेलू उपयोग हेतु पातन का उद्देश्य भी स्पष्ट नहीं हो सका है। नजूल भूमि का स्वामित्व नगर पालिका में निहित होने के बावजूद भी नगर पालिका नैनीताल के सक्षम अधिकारियों के स्तर से जांच में न तो सहयोग दिया गया न ही पातित वृक्षों के सापेक्ष किसी भी कार्यवाही के लिए प्रस्ताव/आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार स्थानीय वन कर्मियों, सूचना प्रदाताओं एवं घटना स्थल के समीप निवास करने वाले व्यक्तियों के द्वारा किसी भी अभियुक्त/संदिग्ध का नाम, पता प्रकट न करने से अपराध कारित करने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में सभी प्रयास करने के उपरान्त भी कोई साक्ष्य/जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।

–:जांच परिणामः–

प्रश्नगत प्रकरण में जांच करने के उपरान्त यह भी प्रकाश में आया है कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दिनांक 12.04.2022 के मध्य रात्रि के पश्चात उपरोक्त प्रजाति के 08 वृक्षों का अवैध पातन किया गया था प्रकरण में अवैध पातन होने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 15.04.2022 से विधिवत जांच प्रारम्भ की गयी। प्रकरण में कोई भी औजार बरामद नहीं किया गया है। प्रकरण में काटे गये वृक्षों का प्रकाष्ठ मौके पर ही पड़ा हुआ है। इससे स्पष्ट है कि वृक्षों का कटान न तो व्यवसायिक पातन की दृष्टि से किया गया था और न ही घरेलू/स्थानीय उपयोग के लिए किया जाना प्रकाश में आया है। जिन व्यक्तियों/सूचना प्रदाताओं प्रकरण में शिकायत की गयी थी उनके द्वारा भी किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के नाम व पते का खुलासा जांच अधिकारी के समक्ष नहीं किया गया है। इस प्रकार जांच के दौरान किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की शिनाख्त अभियुक्त के रूप में नहीं हो सकी है।

प्रकरण में घटना स्थल नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के नियन्त्रणाधीन नगर पालिका वन क्षेत्र के अन्तर्गत अधिसूचित संरक्षित वन की सीमा में स्थित नहीं हैं। घटना स्थल को स्थानीय व्यक्तियों एवं स्थानीय वन कार्मिको के द्वारा भी नजूल भूमि बताया गया है। नजूल भूमि का स्वामित्व नगर पालिका परिषद नैनीताल में निहित है। नगर पालिका नैनीताल से पत्राचार करने के उपरान्त

Anand

एवं व्यक्तिगत सम्पर्क करने पर भी उनके स्तर से न तो कोई लिखित कार्यवाही की गयी और न ही जांच में किसी प्रकार का सहयोग प्रदान किया गया। इस प्रकार स्पष्ट है कि उपरोक्त अवैध पातन के फलस्वरूप वृक्षों/वन सम्पदा की क्षति नगर पालिका परिषद नैनीताल की हुई है, क्योंकि उक्त भूमि उनके नियन्त्रणाधीन है एवं नगर पालिका का स्वामित्व उक्त भूमि पर निहित है। उक्त क्षेत्र नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के अधीन कार्ययोजना का भाग भी नहीं है। नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल के स्तर से उक्त क्षेत्र का प्रबन्धन नहीं किया जाता है।

उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना–1425(2)/XVII-V-I-I(KA)-20-1998 दिनांक 29.07.1998 द्वारा उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 में संशोधन करते हुए उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण (संशोधन) अधिनियम–1998 प्रख्यापित किया गया है। उक्त संशोधन अधिनियम के धारा–4 में निम्न प्राविधान किये गये हैं–

4. In section 2 of the principal Act, for clauses (c) and (d) the following clauses shall be substituted, namely:-

"(c) trees situate in cantonment area."

इस प्रकार प्रश्नगत भूमि राज्य सरकार/नगर पालिका परिषद, नैनीताल के स्वामित्व वाली नजूल भूमि है। जिस पर उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण (संशोधन) अधिनियम–1998 के प्राविधान लागू होते हैं। इस प्रकार प्रश्नगत प्रकरण में अपराध उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम–1976 की धारा–4/10 का अपराध गठित होता है। उक्त संशोधन उत्तराखण्ड राज्य गठन से पूर्व हुए हैं, एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा उक्त अधिनियम को उत्तर प्रदेश पुर्नगठन अधिनियम–2000 की धारा–86 के तहत यथाप्रवृत्त रखते हुए वर्ष–2002 में अनुकूलित एवं उपान्तरित किया गया है।

